



RNI No. PUNBIL/2014/59416

UTURN TIME

# यूटर्न टाईम

UTURNTIME.COM

THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA




VOL:01 | ISSUE:118 | FRIDAY, DATE: 13-05-2022 | RS.2 | PUBLISH BY: LUDHIANA | DAILY EVENING NEWSPAPER | FOLLOW US ON @UTURNTIME

# सीपी ऑफिस आए पूर्व विधायक बैंस के समर्थक पर रेप पीड़िता ने किया हमला, सरेआम डंडे मारे

## हाई-वोल्टेज ड्रामा, जब पुलिस मुलाजिमों ने किया बचाव तब भी दो बार हो गया हमला

लुधियाना / 13 मई / यूटर्न। पूर्व विधायक सिमरजीत सिंह बैंस व उनके साथ समर्थकों पर दर्ज हुए दुष्कर्म के मामले में पीड़िता लगातार भगोड़े आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भागदौड़ कर रही है। वह पिछले लंबे समय से पुलिस कमिश्नर ऑफिस के बाहर धरने पर बैठ रही है। इसी मामले में शुक्रवार दोपहर के वक्त हाइवोल्टेज ड्रामा हो गया। पीड़िता ने पूर्व विधायक के एक समर्थक को वहां सरेआम डंडे मारे। मौके पर मौजूद पुलिस मुलाजिम कोशिश के बावजूद महिला को हमला करने से नहीं रोक पाए। जानकारी के मुताबिक लोक इंसाफ पार्टी के हल्का पूर्वी के प्रधान एडवोकेट गुरजोध सिंह गिल पर हमले की यह घटना हुई। रेप पीड़िता ने उनके पीछे भागकर डंडे मारते हुए अपशब्द भी बोले। महिला का आरोप था कि गुरजोध द्वारा उसके चरित्र के खिलाफ दुष्प्रचार किया जा रहा है। मौके पर कई पुलिस मुलाजिम पहुंच गए, जिन्होंने किसी तरह महिला को रोका।



### सीपी आफिस में घुसकर किया बचाव

गौरतलब है कि एडवोकेट गुरजोध सिंह गिल हलका पूर्वी से लोक इंसाफ पार्टी से विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं। जब वह सीपी ऑफिस के मेन एंट्री गेट पर पहुंचे तो रेप पीड़िता धरने पर बैठी थी। इसी दौरान गुरजोध गिल को देख महिला ने भागकर हमला कर दिया। हालांकि महिला मुलाजिमों ने उसे रोक लिया। गुरजोध ने भागकर लाइसेंस ब्रांच में घुसकर अपना बचाव किया। थोड़ी देर बाद वह सीपी ऑफिस की ओर जाने लगे तो महिला फिर डंडा लेकर उनके पीछे भागी और कई वार किए। फिर गुरजोध ने भागकर सीपी ऑफिस में घुसकर अपना बचाव किया।

### आरोप, गलत शब्दावली लिखी

रेप पीड़िता का आरोप है कि एडवोकेट गुरजोध द्वारा उनके खिलाफ फेसबुक पर पोस्ट डालकर चरित्र-हनन किया गया। उन्होंने इस संबंध में पुलिस को भी शिकायत दी, लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। पुलिस की ढीली कार्यप्रणाली को देखते हुए आज मजबूरन उन्होंने यह कदम उठाया।

### साजिशन किया हमला

एडवोकेट गुरजोध का आरोप है कि पूर्व विधायक बैंस का समर्थन करने पर महिला द्वारा साजिश के तहत हमला किया गया है। उनके अनुसार बैंस के खिलाफ दर्ज हुए रेप केस को गलत बताते हुए पोस्ट डाली थी। महिला से सहन नहीं हो सका तो उसने सरेआम हमला किया। जबकि उसने महिला से कई बार बचने की भी कोशिश की, लेकिन वह फिर भी डंडे से हमला करती रही। उन्होंने इस संबंध में पुलिस कमिश्नर को शिकायत दी है।

# कनाडा वर्क परमिट पर भेजने के नाम पर 1.70 लाख की ठगी

लुधियाना / 13मई / यूटर्न। कैनेडा वर्क परमिट पर भेजने के नाम पर एक महिला एजेंट ने व्यक्ति के साथ 1.70 लाख रुपए की ठगी मार ली। पीड़ित द्वारा पैसे वापिस मांगने पर एजेंट ने न तो उसे पैसे वापिस दिए और नही वीजा लगाया।



थाना सदर की पुलिस ने गांव जंड के संदीप की शिकायत पर ईशर नगर की नवदीप कौर पर मामला दर्ज किया है। आरोपी महिला एजेंट नवदीप कौर की ईशर नगर में अकालज ट्रैवलज के नाम से फर्म है। शिकायतकर्ता संदीप की एक साल पहले एजेंट महिला से मुलाकात हुई थी। उसने शिकायतकर्ता को वर्क परमिट पर कनाडा भेजने के नाम पर 1.70 लाख रुपए लिए थे। जिसके बाद उससे ठगी मार ली।

## गोरखधंधे में बढ़ने लगीं रंजिशें

महानगर में कोरोना-काल के दौरान एक ट्रेड प्रोपर्टी कारोबारियों यानि कोलोनाइजरों का रहा, जो कमजोर होने की बजाए तेजी से पनपा। लोगों की भावनाएं आसानी से भुनाने में सक्षम कोलोनाइजरों ने प्रोपर्टी डीलरों के साथ गठजोड़ के बल पर महानगर के सदर्न बाइपास वाले एरिया में भी तमाम कालोनियां कागजों में ही काट डालीं। जिनमें मालिकों से अभी जमीनें तक भी पूरी तरह नहीं खरीदी गई, लेकिन चिट फंड कंपनियों की तर्ज पर सैकड़ों करोड़ अंदर कर महज पर्चियों में ही प्लॉट काटकर बेच दिए। इसी गोरखधंधे में कई प्रोपर्टी डीलरों ने रसूखदार कोलोनाइजरों के मुकाबले अपने-अपने कारोबार अलग से शुरु किए। जिसके चलते कोलोनाइजरों और प्रोपर्टी डीलरों के बीच कारोबारी रंजिशें भी पैदा होने लगी हैं। दरअसल इसका सबसे तकनीकी पेंच यही है कि सारा गोरखधंधा कागजों में ही चलता है, लिहाजा कोई वारदात भी होने की सूरत में कानून की नजर में आसानी से नहीं आ पाएगी। यह कारोबारी-जगत के लिए भी चिंता की बात है कि अगर कोई हमले, मारपीट या कत्ल जैसी वारदात होती है तो पूरे ट्रेड की इमेज खराब होगी। फिलहाल तो शासन-प्रशासन इस सारे गोरखधंधे और उसके चलते होने वाली मारपीट जैसी घटनाओं से अंजान है, लेकिन शासन-प्रशासन के खुफिया तंत्र को इस गोरखधंधे की खैर-खबर जरूर लेनी चाहिए।



संदीप शर्मा
चीफ एडीटर

अपने इलाके की जन समस्याओं के लिए आप हमसे दिए हुए नंबर पर संपर्क करें-9888200619, 9818884612


## बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और सीएम के दौरे से पहले महानगर में बड़ी वारदात

# स्कूल के सामने नकाबपोश बाइक सवारों ने की फायरिंग

## वारदात के 14 घंटे बाद भी आरोपियों का सुराग नही लगा सकी पुलिस

लुधियाना/13 मई/यूटर्न। शहर में आए दिन शरेआम फायरिंग करने की वारदातें हो रहीं है। लेकिन फिर भी पुलिस इस पर कंट्रोल नहीं कर पा रही। इसी तरह शुक्रवार को हैबोवाल में लादिया खुर्द में अमृत इंडो कैनेडियन स्कूल के मेन गेट पर बाइक सवार दो बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। जिसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। हालांकि मौके पर किसी को फायरिंग का पता नहीं चल सका। लेकिन दोपहर करीब 12 बजे गेट पर गोलियों के निशान देखकर सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए। जिसके बाद वारदात का पता चला। जिसके बाद स्कूल की ओर से इसकी जानकारी पुलिस को दी। मामले की सूचना मिलने पर एडीसीपी अश्वनी गोत्याल, थाना हैबोवाल के एसएचओ अमृतपाल शर्मा और अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस की ओर से स्कूल प्रबंधन के बयान को लेकर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस देर रात तक इलाके के सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुटी रही।







### स्कूल लगने से कुछ समय पहले ही हुई वारदात

जानकारी के अनुसार स्कूल की ओर से शुक्रवार को सुबह स्कूल खोला जाना था। लेकिन अभी बच्चे स्कूल आने शुरु नहीं हुए थे। स्कूल लगने से कुछ समय पहले ही सुबह करीब साढ़े सात बजे बदमाश बाइक पर आए और लगातार छह फायर किए। हालांकि अगर यह वारदात स्कूल लगने के दौरान होती तो बड़ा नुकसान हो सकता था। लोग समझे बुलेट के बजाए जा रहे पटाके इलाके के लोगों और स्कूल के सफाई सेवकों ने बताया कि जब वारदात हुई तो उन्हें लगा कि शायद कोई बुलेट मोटरसाइकिल से पटाके बजा रहा है। हालांकि पुलिस की ओर से देखने में मामला रंजिश का लग रहा है। क्योंकि बदमाशों द्वारा दहशत डालने के लिए लंबे समय से बंद पड़े स्कूल के गेट पर गोलियां चलाई गई। पुलिस ने लगाए शहर में नाके पिछले एक महीने में फायरिंग के करीब 7 वारदातें हो चुकी हैं। जिससे शहर के लोगों में दहशत का महौल है। हालांकि शुक्रवार को फायरिंग के बाद पुलिस को ओर से सिटी में नाके लगाकर आरोपियों की तलाश शुरु की है।

बदमाशों द्वारा बंद गेट पर गोलियां चलाई गई है। किसी को जानी नुकसान नहीं पहुंचा है। स्कूल प्रबंधक के बयान पर मामला दर्ज किया जा रहा है।
*-एसएचओ अमृतपाल शर्मा, थाना हैबोवाल।*

## प्रॉपर्टी के खेल में कारोबारी दोस्त बने दुश्मन

# चर्चाः नामी कॉलोनाइजर ने करोड़ों के लेनदेन विवाद में हमराज रह चुके प्रॉपर्टी डीलर को पीटा!

## विवाद की जड़ है साउदर्न बाइपास वाली जमीनों पर कीमतों का बड़ा बदलाव

लुधियाना / यूटर्न / 13 मई। महानगर में इन दिनों एक रसूखदार कोलोनाइजर और तेजी से उभरते प्रोपर्टी डीलर की दुश्मनी चर्चा में है, जिनकी कभी दोस्ती की मिसाल इस ट्रेड के कारोबारी दिया करते थे। इसी कोलोनाइजर ने भाई की तरह भरोसा जताते हुए हमराज से कॉलोनाइजर बने प्रॉपर्टी डीलर के नाम पर ही करोड़ों के जमीनी सौदे किए थे। फिलहाल दोनों के बीच पनपी रंजिश खत्म कराने के लिए शहर के कई बड़े घराने समझौता कराने की कोशिश में जुटे हैं। जानना दिलचस्प होगा कि इस विवाद की जड़ कॉलोनाइजर के हमराज प्रॉपर्टी डीलर का खुद कॉलोनाइजर बनना व सदर्न बाईपास वाले एरिया में प्रॉपर्टी कीमतों



में करोड़ों-अरबों रुपए के फेरबदल को बताया जा रहा है। चर्चा है कि रसूखदार कॉलोनाइजर और प्रॉपर्टी डीलर ने कभी इतनी गहरी दोस्ती थी कॉलोनाइजर अपनी ज्यादातर प्रॉपर्टी उक्त प्रॉपर्टी डीलर के नाम व माध्यम से खरीदते थे।

बाद में आगे बढ़ने की चाहत में प्रॉपर्टी डीलर ने अपना अलग से कारोबारी-एंपायर खड़ा करना शुरू कर दिया था। जिसको पैरों पर खड़ा होना सिखाया, उसको ही अपना अलग कारोबार उसी ट्रेड में करते देख जाहित तौर पर रसूखदार कॉलोनाइजर चिंता सताने लगी।

### कैसे हुआ विवाद...

सूत्रों के मुताबिक प्रोपर्टी डीलर को बैकफुट पर लाने की मंशा से रसूखदार कॉलोनाइजर से उसको मैसेज कराया कि पिछले समय साथ मिलकर किए बिजनेस का पुराना हिसाब-किताब करना है। कॉलोनाइजर ने हिसाब करते हुए उस पर करोड़ों की बकाएदारी निकाल दी। जबकि प्रॉपर्टी डीलर ने कोई बकाएदारी न होने की बात कही। बस इसी पर बात इतनी बिगड़ी कि दोनों के बीच तीखी झड़प होने की चर्चाएं हैं। रसूखदार होने के कारण कॉलोनाइजर ने दोस्त को अपने पीएसओ से पिटवाया। हालांकि मारपीट प्रकरण सार्वजनिक नहीं हो सका, लेकिन बात किसी तरह लीक होने के बाद चर्चा में आ गई।



### क्या हो पाएगा समझौता...

फिलहाल कारपोरेट जगत में भी इन दोनों कारोबारियों की दोस्ती और दुश्मनी में बदलने का मामला चर्चा में बना हुआ है। यह मामला पुलिस तक नहीं पहुंचने की वजह से फिलहाल आधिकारिक तौर पर इसकी किसी स्तर से पुष्टि नहीं हो पा रही है जबकि क्लबों संस्थाओं के दफ्तरों में कारोबारी रोज ब रोज इस मुद्दे पर आपस में चटकारे लेकर चर्चाएं कर रहे हैं। ज्यादातर लोगों का मानना है कि फिलहाल प्रॉपर्टी डीलर व कॉलोनाइजर में समझौता होना जरूरी है, क्योंकि समझौता न होने पर ट्रेड की बहुत सी बातें बाहर आ सकती है। वहीं अन्य निवेशकों का बड़ा पैसा दांव पर है। इस ट्रेड में ऐसी रंजिशें शुरु हो गई तो आने वाले वक्त में कोई बड़ी वारदात भी हो सकती है।

यूटर्न टाईम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# नेहरू सिद्धांत केंद्र ट्रस्ट के भव्य समारोह में 29 स्कूलों के छात्रों को वजीफा चैक बांटे

## पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू की 58वीं पुण्यतिथि को समर्पित समागम कराया

लुधियाना/यूटर्न/13 मई। नेहरू सिद्धांत केंद्र ट्रस्ट ने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 58वीं पुण्यतिथि पर एक समारोह कराया। नेहरू सिद्धांत केंद्र में हुए इस समागम में गणमान्य व्यक्तियों सहित लुधियाना के 29 स्कूलों के छात्र भी उपस्थित थे। डिप्टी कमिश्नर सुरभि मलिक मुख्य अतिथि रही। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि और ट्रस्टियों द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू को पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष राकेश भारती मित्तल ने मुख्य अतिथि और उपस्थित छात्रों का स्वागत किया। उन्होंने ट्रस्ट की







गतिविधियों को भी साझा किया और बताया कि वर्ष 2021-22 के दौरान 1500 से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति और पुरस्कार के रूप में 86 लाख रुपये की छात्रवृत्ति ट्रस्ट ने वितरित की। उन्होंने भामियां रोड पर होराइजन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के बारे में भी बताया। जो सीबीएसई से संबद्ध स्कूल होगा, जो वंचित बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करेगा। ट्रस्ट ने 7 मई को 26वीं इंटर-स्कूल भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की थी। जिसमें लुधियाना के 19 स्कूलों ने भाग लिया था। मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता के विजेताओं को ट्रॉफी और बीसीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, फोकल प्वाइंट की विजेता टीम को नेहरू चैंपियनशिप ट्रॉफी प्रदान की। इसके अलावा विद्यार्थियों को व्यक्तिगत पुरस्कार भी वितरित किए गए।

मुख्य अतिथि ने 8 लाख 36 हजार 100 रुपये की छात्रवृत्ति के चैक शहर के 29 स्कूलों के छात्रों को वितरित किए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में ट्रस्ट के महासचिव बिपिन गुप्ता, सुनील गुप्ता, उपाध्यक्ष, जीएल बस्सी, कोषाध्यक्ष, डॉ. एससी आहूजा, सिद्धार्थ अग्रवाल, संजय जैन, प्रवीन स्याल, रश्मि ग्रोवर, सभी ट्रस्टी और नेहरू सिद्धांत केंद्र ट्रस्ट की विभिन्न समितियों के अन्य सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

# एक्टोपिया-2022' रोमांचक आयोजनों के साथ अपने दूसरे दिन में हुआ प्रवेश




लुधियाना / यूटर्न / 13 मई। एक्टोपिया-2022' शुक्रवार को कई रोमांचक और रोमांचक आयोजनों के साथ अपने दूसरे दिन में प्रवेश कर गया है। कार्यक्रम की शुरुआत 'जस्ट ए मिनट' से हुई, जिसमें प्राचार्य डॉ संदीप पुरी ने भाग लिया और भीड़ में काफी आनंद आया। 2017 बैच की राबिया जिंदल और 2021 बैच की सुमेर को विजेता घोषित किया गया। एक प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया जहां डॉ ओमेश गोयल (सांस्कृतिक समिति के सदस्य) ने आयोजित किया। विभिन्न श्रेणियों से प्रश्न पूछे गए और बैच 2020 को विजेता घोषित किया गया। अंताक्षरी का एक और आनंददायक कार्यक्रम था, जिसमें बैच 2017 से बैच 2021 की 5 टीमों ने भाग लिया। छात्रों ने पुराने और नए गाने गाए जहां दर्शकों ने भी उनका साथ दिया। बैच 2021 ने प्रतियोगिता जीती। वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें 2017 बैच की डॉ जपलीन कौर को विजेता घोषित किया गया।

# एवन इस्पात एंड पावर लिमिटेड के चेयरमैन हरचरण सिंह पाहवा का निधन, संस्कार शनिवार दोपहर को

लुधियाना / यूटर्न / 13 मई। एवन ग्रुप के संस्थापक स्व हंस राज पाहवा के पोते व स्व इंद्रजीत सिंह पाहवा के पुत्र व एवन इस्पात एंड पावर लिमिटेड के चेयरमैन, एवन साइकिल के सीएमडी एंकार पाहवा के भतीजे, एवन स्टील्स के सीएमडी चेतन पाहवा के बड़े भाई हरचरण सिंह पाहवा का शुक्रवार शाम किम्स केआईएमएस हॉस्पिटल्स हैदराबाद में दुखद निधन हो गया है। वे बीमार के चलते लंबे समय से अस्पताल में उपचाराधीन थे।

स्वर्गीय हरचरण सिंह की कड़ी मेहनत व दूरदर्शिता के चलते एवन इस्पात व पावर लिमिटेड देश की स्टील इंडस्ट्री में एक जाना-माना नाम है। उनके आकस्मिक निधन पर उद्योग जगत में शोक की लहर है। हंसमुख व जिन्दा दिल स्वभाव के हरचरण सिंह पाहवा के जाने से



संसार को न पूरी होने वाली क्षति हुई है उनके निधन पर एस एस भोगल, जगदीश सिंगल, सुरेश मुंजाल, उमेश मुंजाल, अनिल सिंघानिया, रजनीश आहूजा, उपकार आहूजा, तेजविंदर सिह बिगबेन, राकेश गुप्ता, संजीव पाहवा, महेश मित्तल, संदीप जैन, संजय जैन, के.के गर्ग, देव गुप्ता, अजय जैन, गुरुचरण सिंह, परवीन अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, संजय महिंद्रू, विपिन मित्तल, सी एल तागड़ी, राजेंद्र जिंदल, विनय सिंगल, हरजीत सिंह सौंध, नरेश सरीन , सुभाष लाकड़ा , के .के. सेठ, एस.के. राय वाइस चेयरमैन हीरो साइकिल्स, पी.वाई. राजपूत, मनजिंदर सिंह सचदेवा प्रधान ब्राडो, अवतार सिंह भोगल, हरजीत सिंह, राजीव जैन, सतनाम मक्कड़, हरपाल सिंह भम्बर, सुखदयाल सिंह बसंत, तिरलोचन सिंह जैम्को अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तित्व ने इस दुःख समय में परिवार से संवेदना जताई। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को मॉडल टाउन श्मशान घाट लुधियाना में किया जाएगा।

# शनिवार को शहर के कई इलाके में बंद रहेगी बिजली



लुधियाना / यूटर्न / 13 मई। बिजली ट्रांसफार्मर में वृद्धि होने से शनिवार 14 मई को सुबह 8 बजे से शाम 7 बजे तक 66 केवी गिल रोड ग्रिड पर लोडिंग की स्थिति के अनुसार लोड शेडिंग के कारण आपूर्ति प्रभावित होगी। प्रभावित क्षेत्र जहां लोड शेडिंग के कारण लोड आपूर्ति प्रभावित हो सकती है, उनमें कई शहरी इलाके शामिल हैं। मसलन मेड कॉलोनी, गोबिंदसर, फतेह सिंह नगर, न्यू जनता नगर और आसपास के क्षेत्र अनाज मंडी गिल रोड और आसपास के क्षेत्र, मॉडल टाउन और आसपास के क्षेत्र ज्ञान चंद नगर, बापू मार्केट, गुरबचन नगर, गुरु गोबिंद सिंह नगर, मेजर फाउंड्री, जैन का ठेका, ढिल्लों नगर, मठाड़ू चौक, क्वालिटी रोड, गली नंबर 5 से 12 तक प्रीत नगर, न्यू जनता नगर, न्यू शिमलापुरी और आसपास के क्षेत्र, रंजीत नगर और आसपास के क्षेत्र शामिल हैं। जबकि सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक एच और एल ब्लॉक बीआरएस नगर, गांव सुनेत, लोधी क्लब के इलाके में बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

# चैरब्स प्रीस्कूल की ओर से बच्चों के लिए पूल पार्टी का आयोजन

लुधियाना / यूटर्न / 13 मई। हमारा स्कूल स्प्लैश पूल मौज-मस्ती करने और गर्मी से बचने के लिए एक बेहतरीन जगह है। छोटे बच्चों में वाटर प्ले गतिविधियाँ मोटर कौशल को मजबूत करती हैं, संतुलन बनाती हैं और आगे बढ़ने और नेविगेट करने की क्षमता बनाती हैं। इन सबको ध्यान में रखते हुए, चैरब्स



प्रीस्कूल की ओर से बच्चों के लिए एक पूल पार्टी का आयोजन किया गया। पूल के किनारे को गुब्बारों, गेंदों और बन्टिंग्स से बहुतायत से सजाया गया और बच्चों को खेलने के लिए पानी के गुब्बारे भी दिए गए। पार्टी में माहौल जोड़ने के लिए रंगीन छतरियों के साथ टेबल की व्यवस्था की गई। नन्हे-मुन्नों ने रंग-बिरंगे स्विम सूट पहन रखे थे और सभी को पानी में खेलने में बहुत मज़ा आया, वहीं कुछ ऐसे भी थे जो अंदर जाने से थोड़े डरे हुए थे। अध्यापकों ने उन्हें नन्हे हाथों को पकड़ लिया और उन्हें अंदर ले जाने के लिए ले गए। उन्होंने ने भी पानी में खूब एन्जॉय किया।

# बाबा बंदा सिंह बहादुर अंतर्राष्ट्रीय फाऊडेंशन द्वारा सरहंद फतेह मार्च का रूट प्लान जारी



लुधियाना / यूटर्न / 13 मई। बाबा बंदा सिंह बहादुर अंतर्राष्ट्रीय फाऊडेंशन की तरफ से 14मई को रकबा भवन मुल्लांपुर से किए जा रहे सरहंद फतेह मार्च का रूट पलान जारी कर दिया गया है। फाऊडेंशन के प्रधान कृष्ण कुमार बावा ने बताया कि फतेह मार्च सुबह 9.15 बजे रकबा भवन मुल्लांपुर से शुरू होगा। उसके बाद 9.50 राजगुरू नगर,10 बजे अग्र नगर,10.15 आरती चौंक, 10.25 भाई बाला चौंक,10.30 भारत नगर चौंक, 10.40 जगराओं पुल, 10.50 विश्वकर्मा चौंक,11 बजे ढोलेवाल चौंक, 11.10 शेरपुर चौंक, 11.30साहनेवाल, 11.40 दोराहा, 12 बजे नीलो पुल,12.15समराला, खन्ना, मलौद, 1.15 बजे चप्पड़चिड़ी, 3 बजे से चप्पड़चिड़ी से सरहंद हेतु रवाना और शाम 4 बजे बाबा बंदा सिंह बहादुर की प्रतिमा पर फ तेह का झंडा लहराया जाएगा और उसके बाद गुरद्वारा जोती सरूप में फतेह की अरदास व समाप्ती होगी। बावा ने बताया कि सरहंद फतेह मार्च का रकबा भवन से लेकर सरहंद तक विभिन्न धार्मिक, समाजिक व राजनीतिक संगठनों की तरफ से स्वागत किया जाएगा।

# लुधियानवी झुलस रहे, बढ़ेगा गर्मी का कहर

## तापमान का रिकॉर्ड बना सकता है रविवार



लुधियाना/यूटर्न/13 मई। मई महीना आधा निकल जाने के बावजूद अब तक बारिश नहीं होने से झुलसा देने वाली गर्मी से लोग बेहाल हैं। मौसम माहिरों के मुताबिक भीषण गर्मी के साथ ही लूं चलने का सिलसिला अभी जारी रहेगा। यहां गौरतलब है कि मौसम के तेवर इतने तल्ख है कि शुक्रवार सुबह ही तापमान तेजी से बढ़ा और करीब साढ़े सात बजे के बाद तो 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। ऐसे हालात में देरशाम तक भी गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं लग रहे। झुलसा देने वाली इस गर्मी जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले हफ्ते गर्मी और बढ़ेगी, साथ ही लूं चलने की आशंका है। मार्च-अप्रैल में बारिश नहीं होने के बाद अब मई महीने में भी गर्मी से निजात मिलती नजर नहीं आ रही। मौसम माहिरों की मानें तो इस रविवार को सबसे ज्यादा गर्मी पड़ने की आशंका है। ऐसे में हेल्थ-एक्सपर्ट खासतौर पर बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को पूरी तरह से एहतियात बरतने की सलाह दे रहे हैं।

सालगिरह मुबारक



परमजीत सिंह और जसप्रीत कौर

जन्मदिन मुबारक



विपिन जैन

जन्मदिन मुबारक



वहीन धीर



पूजा नागपाल

PUBLISH YOUR
Birthday Photograph
& GET A CHANCE TO WIN BIRTHDAY CAKE WORTH RS. 800 EACH
1 FOR YOUNGEST & 1 FOR OLDEST
T&C
Hot Breads
0161-4603333, 5012222
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
groupkindia@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

ADVERTISEMENT
जन्मदिन/सालगिरा/शोक समाचार फ्री
रस्म किरिया/श्रद्धांजलि ₹2000
क्लासिफाइड डिस्पले ₹500 - 3
M: 98142-95372

पंजाब सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रभावी सेशन दिया 'कोहॉर्ट ऑफ ग्रोथरेटर लुधियाना' विषय के बारे में

# सीआईसीयू की पहल पर युवा उद्यमियों को किया जागरुक



लुधियाना/यूटर्न/13 मई। प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्था सीआईसीयू की पहल पर यहां युवा उद्यमियों को जागरुक करने के लिए विशेष समारोह रखा गया। जिसमें सीआईसीयू के प्रेसिडेंट उपकार सिंह आहूजा की अगुवाई में पंजाब सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने 'कोहॉर्ट ऑफ ग्रोथरेटर लुधियाना' विषय पर प्रभावी तरीके से सेशन के दौरान टिप्स दिए। सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने जोर देकर कहा कि यह मुहिम युवा उद्यमियों के लिए एक मार्गदर्शन और आशीर्वाद की तरह है। उन्हें लगता है कि हमारे शहर में युवाओं को इस तरह के अवसर से अत्यधिक आशीर्वाद मिला है, जहां दुनिया भर के विशेषज्ञ उद्यमिता की गहराई पर हमारी निगरानी कर रहे हैं। जो युवा उद्यमियों को प्रशिक्षित करेंगे, मसलन टैलेंट की कमी को दूर करना, कैश फ्लो और वित्तीय दक्षता को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करना, इस पर ध्यान केंद्रित करना होगा। साथ ही विकास और व्यावसायिकता का निर्माण करना, नए व्यावसायिक अवसरों की पहचान करना, स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र के साथ सहयोग और नेटवर्क बनाना कारोबारी तरक्की के लिए जरुरी है। इस दौरान जोगिंदर सिंह भाटिया, मुख्य तकनीकी सलाहकार, पीएसआईईसी ने नए औद्योगिक पार्कों के विकास पर प्रकाश डाला।


जबकि एसएस. सिद्धू, सहायक श्रम आयुक्त और सुखविंदर भट्टी, उप निदेशक (कारखाना) श्रम विभाग ने प्रतिभागियों को श्रम मानदंडों के बारे में अपडेट किया। जबकि विजय कुमार, एक्सईएन, पर्यावरण अभियंता, पीपीसीबी - पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने प्रदूषण मानदंडों की औपचारिकताओं और दिशा-निर्देशों को साझा किया। जिससे उन्हें आसानी से समझने में मदद मिलेगी। नवल किशोर शर्मा, जिला टाउन प्लानर, आवास और शहरी विकास विभाग ने शहरी नगर नियोजन पर एक सत्र साझा किया। विश्व बंधु, संयुक्त निदेशक, उद्योग और वाणिज्य विभाग ने पंजाब सरकार द्वारा एमएसएमई को वित्तीय योजनाओं को साझा किया। सत्र में ग्रोथरेटर लुधियान के 40 कोहॉर्ट ने भाग लिया।

# फोर्ब्स की लिस्ट में दो पायदान ऊपर चढ़ी रिलायंस इंडस्ट्रीज

नई दिल्ली / यूटर्न / 13 मई। मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड Forbes की ताजातरीन Global 2000 list में 53वें नंबर पर पहुंच गई है। इसने दो पायदान की बढ़त दर्ज की है। यह लिस्ट दुनियाभर की पब्लिक कंपनियों पर बनी है। Forbes Global 2000 की रैंकिंग में दुनिया की बड़ी कंपनियां शामिल हैं। यह लिस्ट कंपनी के चार मेट्रिक्स-सेल्स, प्रॉफिट, एसेट्स और मार्केट वैल्यू को देखकर तैयार की गई है। इस लिस्ट में रिलायंस के बाद स्टेक बैंक ऑफ इंडिया का नाम है। यह 105वें नंबर पर है। इसके बाद HDFC Bank 153वें, ICICI Bank 204वें नंबर पर है। दूसरी भारतीय कपंनियों में ONGC का 228वां नंबर है। जबकि HDFC का 268वां, IOC का 357वां, TCS का 384वां, टाटा स्टील का 407वां और एक्सिस बैंक का 431वां नंबर है। फोर्ब्स के मुताबिक एनर्जी और बैंकिंग सेक्टर की कंपनियां Forbes की Global 2000 list में public companies में सबसे ऊपर हैं। अप्रैल 2021 से मार्च 2022 के बीच रिलायंस की सेल 104.6 अरब डॉलर की रही है। यह पहली भारतीय कंपनी है, जिसने 100 अरब डॉलर का सालाना रेवेन्यू का आंकड़ा छुआ। फोर्ब्स के मुताबिक Global 2000 में रिलायंस दो पायदान चढ़कर 53वें पर आ गई है। भारतीय कंपनियों के मामले में यह पहले नंबर पर है। मुकेश अंबानी के पिता धीरूभाई अंबानी ने 1960 के दशक की शुरुआत में नायलॉन, रेयान और पॉलिस्टर के आयात और निर्यात लाइसेंस के साथ कारोबार शुरू किया था। आज यह कंपनी के व्यवसायों में प्लास्टिक और पेट्रोकेमिकल्स, मोबाइल दूरसंचार सेवाएं और खुदरा शामिल हैं।

# अप्रैल में निर्यात 30.7 प्रतिशत बढ़ने से व्यापार घाटा 20.11 अरब डालर पर पहुंचा

नई दिल्ली / यूटर्न / 13 मई। पेट्रोलियम उत्पाद, इलेक्ट्रानिक सामान और केमिकल जैसे क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन के कारण अप्रैल में भारत का उत्पाद निर्यात 30.7 प्रतिशत बढ़कर 40.19 अरब डालर हो गया। इसी समयावधि में आयात 30.97 प्रतिशत बढ़कर 60.3 अरब डालर हो गया। इस तरह देश का व्यापार घाटा बढ़कर 20.11 अरब डालर पर पहुंच गया। इससे पहले अप्रैल, 2021 में व्यापार घाटा 15.29 अरब डालर रहा था। वित्त वर्ष 2021-22 में भारत ने रिकार्ड 418 अरब डालर का निर्यात किया था। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, 'पिछले वित्त वर्ष में रिकार्ड प्रदर्शन के बाद अप्रैल, 2022 में भी निर्यात में



मजबूत वृद्धि रही। वस्तुओं का निर्यात 40 अरब डालर को पार कर एक नई ऊंचाई पर पहुंच गया। इस दौरान पेट्रोलियम और कच्चे तेल का आयात 87.54 प्रतिशत बढ़कर 20.2 अरब डालर हो गया। कोयला, कोक और ब्रिकेट्स (कोयले की ईंट) का आयात बढ़कर 4.93 अरब डालर हो गया जो अप्रैल 2021 में दो अरब डालर था। हालांकि, अप्रैल 2022 में सोने का आयात लगभग 72 प्रतिशत घटकर 1.72 अरब डालर रह गया, जो अप्रैल 2021 में 6.23 अरब डालर था। इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात 15.38 प्रतिशत बढ़कर 9.2 अरब डालर हो गया, जबकि पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात 113.21 प्रतिशत बढ़कर 7.73 अरब डालर हो गया। अप्रैल 2022 में भारत का कुल निर्यात (वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर) 67.79 अरब डॉलर होने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 38.90 प्रतिशत की सकारात्मक वृद्धि दर्शाता है। अप्रैल 2022 में कुल आयात 75.87 अरब डॉलर होने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 36.31 प्रतिशत की सकारात्मक वृद्धि दर्शाता है।

# दो साल से सेंट्रल जेल के सामने सड़क निर्माण कार्य अधर में लटकने पर केंद्र सरकार से लगाई है गुहार

कारोबारी का आरोप, सियासी-रंजिश में कांग्रेसी कौंसलर ने फैक्ट्री के आगे नहीं बनने दी सड़क

लुधियाना/यूटर्न/13 मई। महानगर के वार्ड 15 में सियासी-रंजिश का एक दिलचस्प मामला सामने आया है। सेंट्रल जेल के सामने ताजपुर रोड स्थित श्री बालाजी प्रोसेसर पार्टनर बॉबी जिंदल का इलजाम है कि उनकी फैक्ट्री के सामने दो साल से सड़क नहीं बनने दी जा रही।

पिछले नगर निगम चुनाव में वह भाजपा के उम्मीदवार थे तो कांग्रेसी प्रत्याशी से उनकी झड़प हो गई थी। चुनाव जीते कांग्रेसी कौंसलर अब वही रंजिश निकाल रहे हैं। कारोबारी जिंदल ने इस मामले में बाकायदा केंद्र सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग में कल शिकायत भी कर दी। जिसमें उन्होंने



निगम की बीएंडआर शाखा के एसई प्रवीण सिंगला के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए आरोप लगाया कि इसी अफसर ने सियासी-दबाव में खासकर उनकी फैक्ट्री के सामने सड़क पिछले दो साल से नहीं बनने दी। जबकि पूरे वार्ड की सड़कें बन चुकी हैं। साथ ही दावा किया कि इस अफसर से कई बार निवेदन करने के साथ पत्र भी लिखे, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

कारोबारी जिंदल का रोष इस बात को लेकर भी है कि मिंक ब्लैंकेट्स का इंपोर्ट-एक्सपोर्ट का काम है, लिहाजा विदेशी कारोबारियों का भी आना-जाना लगा रहता है। जबकि फैक्ट्री तक कच्चा रोड होने के कारण कारोबारी-छवि को नुकसान हो रहा है। लिहाजा जिम्मेदार अफसर के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

मुझे कारोबारी जिंदल के बताने पर ही यह मामला पता लगा। तभी संबंधित अधिकारियों को इस मामले में निर्देश दे दिए गए थे। दरअसल किसी वार्ड की कौन सी गली-सड़क बनी या नहीं बनी, एसई स्तर पर नहीं, बल्कि एसडीओ-जेई को इसकी जानकारी होती है। किसी तरह के सियासी-दबाव में काम रोकने का आरोप बेबुनियाद है।

*-प्रवीण सिंगला, एसई, बीएंडआर*

## स्टेट बैंक की चौथी तिमाही में हुआ जबरदस्त उछाल

नई दिल्ली / यूटर्न / 13 मई। भारतीय स्टेट बैंक ने शुक्रवार को 31 मार्च, 2022 को समाप्त चौथी तिमाही में सालाना आधार पर शुद्ध लाभ में 41.2 फीसद की बढ़ोतरी दर्ज की है। उसका शुद्ध लाभ बढ़कर 9,113.5 करोड़ रुपये हो गया है। बैंक ने 7.10 रुपये प्रति शेयर के लाभांश की भी घोषणा की है। बैंक ने 13 मई को मीटिंग में लाभांश तय किया। इसका पेमेंट 10 जून को होगा। बैंक ने एक साल पहले की अवधि यानि FY21 के Q4 में 6,451 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। एसबीआई का लाभ तीसरी तिमाही में 8 प्रतिशत बढ़कर 8,432 करोड़ रुपये हो गया। ऐसा मुख्य रूप से शुद्ध ब्याज आय में बढ़ोतरी से हुआ। NII बैंक की आय का मुख्य स्त्रोत है। तिमाही के दौरान NII 15.26 प्रतिशत बढ़कर 31,198 करोड़ रुपये हो गया, जबकि 2021 की चौथी तिमाही में यह आंकड़ा 27,067 करोड़ रुपये था।




# एलन मस्क ने ट्विटर की डील को 'ऑन होल्ड' घोषित किया




नई दिल्ली / यूटर्न /13 मई। दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क ने कुछ दिन पहले 44 अरब डॉलर में ट्विटर खरीदने की डील की थी। डील फाइनल होने से पहले मस्क ने ट्वीट करके बताया है कि डील को कुछ समय के लिए होल्ड पर रखा गया है। उनका कहना है कि ट्विटर पर स्पैम या फेक अकाउंट क्या वाकई 5% से कम हैं, इसके सही कैलकुलेशन की डिटेल अभी सामने नहीं आई है। हाल ही में ट्विटर ने अपनी फाइलिंग में बताया था कि 2022 की पहली तिमाही उसके मोनेटाइजेबल डेली एक्टिव यूजर्स में स्पैम अकाउंट की संख्या 5% से कम हैं। कंपनी ने ये भी कहा था कि ये केवल अनुमान है और स्पैम अकाउंट की संख्या ज्यादा भी हो सकती है। डील होल्ड की जानकारी सामने आने के बाद ट्विटर के शेयर प्री मार्केट में 20% से ज्यादा टूट गए। ट्विटर ने कहा, 'हमने अकाउंट के सैंपल का इंटरनल रिव्यू किया है। इसमें अनुमान लगाया है कि 2022 की पहली तिमाही के दौरान स्पैम अकाउंट की संख्या mDAU के 5% से कम है। स्पैम अकाउंट का हमारा अनुमान ऐसे अकाउंट की वास्तविक संख्या को सटीक रूप से नहीं दिखाता है। इसकी संख्या हमारे अनुमान से ज्यादा भी हो सकती है।

## 'देश में दूरसंचार ग्राहकों की संख्या 116.6 करोड़': ट्राई

नई दिल्ली / यूटर्न /13 मई। भारती एयरटेल और रिलायंस जियो के बेहतर प्रदर्शन के चलते मार्च, 2022 में कुल दूरसंचार ग्राहकों की संख्या बढ़कर 116.69 करोड़ से अधिक हो गई। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने अपनी मासिक रिपोर्ट में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस दौरान भारती एयरटेल और रिलायंस जियो ने मोबाइल फोन के साथ ही फिक्स्ड लाइन सेवा खंड में नए ग्राहक जोड़े। ट्राई की ग्राहक रिपोर्ट में कहा गया है, भारत में दूरसंचार ग्राहकों की संख्या मार्च, 2022 के अंत में बढ़कर 1,16.69 करोड़ हो गई, जो फरवरी, 2022 के अंत में 116.60 करोड़ थी। ट्राई की रिपोर्ट में कहा गया कि मार्च और फरवरी के बीच शहरी टेलीफोन ग्राहक 64.77 करोड़ से घटकर 64.71 करोड़ रह गए, जबकि इस दौरान ग्रामीण ग्राहक 51.82 करोड़ से बढ़कर 51.98 करोड़ हो गए।

# मारुति सुजुकी सोनीपत में लगाएगी नया संयंत्र



नई दिल्ली / यूटर्न /13 मई। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने शुक्रवार को कहा कि वह हरियाणा में स्थापित किए जाने वाले अपने नए विनिर्माण संयंत्र के पहले चरण में 11,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। एमएसआई ने शेयर बाजार को नए विनिर्माण संयंत्र के बारे में जानकारी दी। इसके मुताबिक, कंपनी सोनीपत जिले के आईएमटी खरखोदा में 800 एकड़ जमीन के आवंटन की प्रक्रिया पूरी कर ली है। इसके लिए कंपनी ने हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड के साथ करार किया है। कंपनी ने बताया कि नए संयंत्र का पहला चरण 2025 तक पूरा होने की उम्मीद है। इसकी उत्पादन क्षमता 2.5 लाख इकाई प्रति वर्ष की होगी। नए संयंत्र के निर्माण से जुड़ी प्रशासनिक मंजूरियां ली जानी अभी बाकी हैं। एमएसआई ने कहा कि वह संयंत्र के पहले चरण पर 11,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगी। कंपनी ने कहा कि सोनीपत विनिर्माण संयंत्र में भविष्य में क्षमता विस्तार के लिए भी जगह होगी। फिलहाल मारुति सुजुकी के दो संयंत्र हरियाणा एवं गुजरात में सक्रिय हैं जिनकी कुल क्षमता करीब 5.5 लाख इकाई प्रति वर्ष है।

## CRIME SCENE क्राइम कॉर्नर CRIME SCENE

### अलग अलग जगह से दो नाबालिग लड़कियां और एक लड़का लापता, मामला दर्ज

लुधियाना/13मई/यूटर्न। अलग अलग इलाकों में दो नाबालिग लड़कियां और एक लड़का अचानक लापता हो गए। तीनों के परिवार की ओर से इसकी शिकायत पुलिस को दी गई है। थाना हैबोवाल की पुलिस ने न्यू संत नगर के राजिंदर कुमार की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ, थाना टिब्बा की




पुलिस ने लड़की के पिता की शिकायत पर अटल नगर के हरिंदर यादव और थाना जमालपुर पुलिस ने भामियां खुर्द के मनोज कुमार की शिकायत पर अज्ञात पर मामला दर्ज किया है। पहले मामले में एएसआई टहिल सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता राजिंदर कुमार की बेटी नंदनी(17) घर से सुबह स्कूल गई थी। इसी दौरान वह अचानक लापता हो गई। दूसरे मामले में शिकायतकर्ता रणजीत शाह ने बताया कि उसकी 13 साल की नाबालिग लड़की को आरोपी हरिंदर यादव बहला फुसला शादी की नीयत से अगवा करके ले गया है। तीसरे मामले में एएसआई सुलखन सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता मनोज कुमार का बेटा मुनीश कुमार(16) घर से बिना किसी को कुछ बताए अचानक नहीं चला गया। परिवार वालों ने उसकी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका।

### 888 नशीले कैप्सुल और 10 ग्राम हेरोइन समेत तीन तस्कर गिरफ्तार

लुधियाना/13मई/यूटर्न। 888 नशीले कैप्सुल व 10 ग्राम हेरोइन की तस्करी करने के लिए जा रहे तीन तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में



थाना सदर की पुलिस ने बाबा दीप सिंह नगर के सवरन सिंह, सोनू और थाना साहनेवाल की पुलिस ने ढंडारी कलां के गौतम यादव के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। एएसआई हरदेव सिंह ने बताया कि उन्होंने करनैल सिंह नगर में नाकाबंदी के दौरान आरोपी सवरन सिंह और सोनू को इंडिका कार में सवार होकर जाते देख शक के आधार पर रोका। चैकिंग करने पर उनके पास से 10 ग्राम हेरोइन बरामद की। दूसरे मामले में सब इंस्पेक्टर भुपिंदर कुमार ने आरोपी गौतम यादव को कंगनवाल रोड के पास से गिरफ्तार करके 888 नशीले कैप्सुल बरामद किए।

### सब्जी विक्रेता से नकदी व मोबाइल छीनकर भागे बदमाश

लुधियाना/13मई/यूटर्न। महादेव नगर में सब्जी विक्रेता की जेब से एक्टिवा सवार दो बदमाश तीन हजार रुपए की नकदी व मोबाइल निकालकर भाग निकले। पीड़ित विक्रेता ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने दोनों बदमाशों को गिरफ्तार करके एक्टिवा और



मोबाइल बरामद किया। थाना साहनेवाल की पुलिस ने लोहारा के सोनू प्रजापति की शिकायत पर न्यू शिमलापुरी के मनप्रीत और आकाश के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता महादेव नगर में सब्जी की रेहड़ी लगाता है। इसी दौरान दोनों आरोपी एक्टिवा पर सवार होकर आए और उसकी जेब से तीन हजार रुपए और मोबाइल निकालकर भाग गए।

### दहेज देने के बावजूद पति करता था मारपीट, मामला दर्ज

लुधियाना/13मई/यूटर्न। शादी में महिला के मायके वालों की ओर से दहेज देने के बावजूद पति उसके



साथ मारपीट करता रहा। जिससे परेशान होकर महिला ने इसकी शिकायत पुलिस को दी। पांच महीने की जांच के बाद पुलिस ने महिला के पति के खिलाफ कार्रवाई की। थाना वुमेन सैल की पुलिस ने मेहर सिंह नगर की जसलीन कौर की शिकायत पर प्रीतन नगर के मानिक कृष्ण के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एएसआई सुखदेव सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता की अगस्त 2016 में आरोपी के साथ शादी हुई थी। शादी के दौरान शिकायतकर्ता के परिवार की ओर से उसके ससुराल वालों को दहेज भी दिया गया था। लेकिन उसके बावजूद भी आरोपी द्वारा उससे ओर दहेज की मांग की जाती थी। जिससे परेशान होकर शिकायतकर्ता ने पुलिस को शिकायत दी।

# शहर के संवेदनशील मुद्दों पर उपायुक्त के साथ विधायक भोला ने की विशेष बैठक

लुधियाना / 13 मई / यूटर्न। निर्वाचन क्षेत्र लुधियाना (पूर्व) विधायक एस. दलजीत सिंह ग्रेवाल (भोला) ने आज जिला लुधियाना से जुड़े संवेदनशील मुद्दों पर उपायुक्त सुरभि मलिक से चर्चा की। उपायुक्त ने भी हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इसका खुलासा करते हुए आज यहां विधायक भोला ने कहा कि बैठक के दौरान उन्होंने उपायुक्त सुरभि मलिक के संज्ञान में लाया कि सरकारी कार्यालयों में आम जनता को शर्मिंदगी उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि बिजली मीटर और रजिस्ट्रियों के लिए एनओसी लगा दी





गई है। लोगों को दफ्तरों में धकेला जा रहा है। उन्होंने कहा कि पटवारखानों में भी जनसुनवाई नहीं हो रही है। विधायक ने उपायुक्त से टिब्बा रोड पर कूड़े के ढेर का उचित समाधान निकालने की भी अपील की, जहां कल एक पूरे प्रवासी परिवार को जला दिया गया था। उन्होंने उन्हें बुद्ध नाला से संबंधित विभिन्न समस्याओं से भी अवगत कराया। इसके अलावा उन्होंने उपायुक्त के समक्ष विकास संबंधी कई अन्य मुद्दे भी उठाए। उपायुक्त सुरभि मलिक ने भी विधायक भोला को पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया और कहा कि शहर के लोगों के विभिन्न संवेदनशील मुद्दों को जल्द ही हल किया जाएगा।

### भाजपा अध्यक्ष नड्डा शनिवार को शहर में

## भाजपा कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करेंगे शहीद सुखदेव को श्रद्धांजलि देकर करेंगे शुरुआत

लुधियाना / 13 मई / यूटर्न। पिछले विधानसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन से हताश भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरने के मकसद से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शनिवार 14 मई को महानगर के दौरे पर रहेंगे। उनका मकसद सीधे तौर होने वाले निगम चुनाव के साथ ही लोकसभा चुनावों की रणनीतिक तौर पर तैयारी कराना है। वह कल सुबह सबसे पहले शहीद सुखदेव थापर को उनके जन्मदिवस के एक दिन पहले श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। इसके बाद वह अपना राजनीतिक अभियान शुरु करेंगे। पहले चरण में वह फिरोजपुर रोड स्थित महाराजा रीजेंसी होटल में प्रदेश स्तरीय बैठक में पूरे पंजाब के पदाधिकारियों को संबोधित करेंगे। फिर वहीं पर मंडल अध्यक्ष और शहर के प्रमुख कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। शाम को तीन बजे



आर्थिक राजधानी के कारोबारियों के साथ भी बैठक करेंगे, ताकि उनको केन्द्र सरकार से मिलने वाली सुविधाओं और योजनाओं का फीडबैक ले सकें। इसके बाद भाजपा अध्यक्ष देरशाम चंडीगढ़ रोड पर ग्लाडा ग्राउंड में पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रांतीय सम्मेलन को संबोधित करेंगे। फिर वही से सीधे रेलवे स्टेशन पहुंचकर ट्रेन द्वारा दिल्ली रवाना होंगे। उनके दौरे के मद्देनजर कई राष्ट्रीय और प्रांतीय पदाधिकारी शनिवार को ही लुधियाना में पहुंच गए।

## कार सेल परचेज का व्यापारी आधा किलो अफीम समेत गिरफ्तार

लुधियाना/13मई/यूटर्न। लोहारा नहर पुल के पास कार में अफीम की तस्करी करने के लिए जा रहे एक अफीम तस्कर को सीआईए-2 की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से आधा किलो अफीम और एक कार बरामद की गई। थाना सदर की पुलिस ने मोहल्ला बेगुआना के रणदीप सिंह उर्फ दीप के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी दो दिन के पुलिस रिमांड पर है। एएसआई जसविंदर सिंह के अनुसार उन्होंने लोहारा नहर पुल पर नाकाबंदी के दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर अफीम बरामद की। जांच अफसर के मुताबिक



आरोपी कार सेल परचेज का व्यापार करता है। वह अफीम अंबाला से खरीदकर लाया था। आरोपी पिछले दो साल से तस्करी का धंधा कर रहा है।



मौसमी-कर्फ्यू....शुक्रवार को भीषण गर्मी के दौरान घंटाघर फ्लाइओवर पर दोपहर के वक्त सन्नाटा पसरा रहा। -फोटोः मुनीष वशिष्ठ

## आज़ादी की 75वी वर्षगाठ के उपलक्ष्य में इनकम टैक्स विभाग की तरफ से सेमीनार का आयोजन

लुधियाना / 13 मई / यूटर्न। आज़ादी की 75वी वर्षगाठ के उपलक्ष्य में इनकम टैक्स विभाग की तरफ से एससीडी गवर्नमेंट कॉलेज में सेमीनार करवाया गया। इसमें




इनकम टैक्स अफसर रजिंदर सिंह और पदमचंद जैन ने कहा कि डायरेक्ट और इनडायरेक्ट टैक्स देश की प्रगति के लिए खर्च किया जाता है। सभी को इमानदारी से इनकम टैक्स अदा करना चाहिए। उन्होंने इनकम टैक्स, करदाताओं की संख्या के बारे में बताया और स्टूडेंट्स को इंकम टैक्स भरने के लिए जागरूक किया। इस मौके पर इंडियन टैक्सेशन एडवोकेट एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट जतिंदर खुराना ने कहा कि हमें निर्धारित समय पर इनकम टैक्स और टैक्स रिटर्न जमा करवाना चाहिए। इस अवसर पर इनकम टैक्स अफसर कुलबीर महे, इनकम टैक्स ऑफिसर सुरेंद्र मरवाहा, इनकम टैक्स ऑफिसर विजय गर्ग, कॉलेज के प्रिंसिपल प्रदीप सिंह वालिया ने भी अपने विचार पेश किए। सेमीनार के अंत में कालेज के प्रोफ़ेसर एचएल बसरा ने सभी का धन्यवाद किया।

# डीजीपी वीके भावरा ने मोहाली ब्लास्ट मामले में किये कई खुलासे

चंडीगढ़ / 13 मई / यूटर्न। पंजाब के मोहाली में पुलिस इंटेलीजेंस दफ्तर पर हुए ब्लास्ट मामले में पंजाब के डीजीपी वीके भावरा ने बड़ा खुलासा किया है। आज चंडीगढ़ में प्रैस कांफ्रेंस करते हुए डीजीपी ने बताया कि इस केस का मुख्यारोपी लखबीर सिंह लांदा जो तरनतारन का रहने वाला है। लांदा 2017 में कनाडा में शिफ्ट हो गया था। इसके साथ 2 और आरोपी है, जिनमें निशान सिंह और चढ़त सिंह भी शामिल है। डीजीपी ने बताया कि इस हमले के तार गैंगस्टर और आतंकियों से जुड़ है। इस हमले में 6 लोगों को गिरफ्तार किया है जबकि तीन लोगों की तालाश जारी



है। आपको बता दें कि सोमवार शाम करीब 7.30 पर पंजाब पुलिस के मोहाली में गुरुद्वारा सोहाना साहिब के नजदीक स्थित इंटैलीजैंस हैडक्वार्टर की इमारत पर धमाका हुआ, जिसके बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। धमाके की सूचना पाकर पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए और मामले की छानबीन में जुट गए। जानकारी के मुताबिक, खुफिया विभाग के दफ्तर की तीसरी मंजिल पर रॉकेट जैसी कोई वस्तु आकर गिरी, जिससे धमाका हुआ। इस ब्लास्ट में ऑफिस के कई शीशे टूट गए। हालांकि गनीमत रही कि इस ब्लास्ट में कोई हताहत नहीं हुआ।

## स्कूल के नवीनीकरण में नहीं आएगी फंड की कमी : मदन लाल बग्गा

लुधियाना / 13 मई / यूटर्न। लुधियाना हलका उत्तरी के विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने शुक्रवार को सलेम टाबरी के चानन देवी सरकारी कन्या हाई स्कूल का दौरा किया। इसमें स्कूल के नवीनीकरण संबंधी कार्यों की समीक्षा की। प्रबंधक कमेटी के सदस्यों, स्कूल प्रिसिपल पूनम कली और स्टाफ ने विधायक का स्वागत किया। प्रिसिपल ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट संबंधी विधायक को अवगत



कराया। विधायक ने कहा कि स्कूल के नवीनीकरण संबंधी जो भी कार्य चल रहे हैं, वह बिना किसी रुकावट के पूरे होंगे और फंडों की किसी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि विद्या ही धन है जो हर देश के भविष्य का फैसला करती है। इस मौके पर एसडीओ अक्षय बांसल, बिट्टू भनोट, अमन बग्गा, संतोख कुमार, सुरिदर सिंह, दिनेश शर्मा, शाम चितकारा, दलजीत सिंह, धरमिदर पाल, गुरप्रीत सिंह, संजीव, नवीन कठपाल, केवल मांगट आदि मौजूद रहे।

# मानसी और सुमीना की ओर से 'समर बिंग पॉप उप' शो का आयोजन

















लुधियाना / 13 मई / यूटर्न। लुधियाना के होटल पार्क प्लाजा में मानसी और सुमीना की ओर से समर बिंग पॉप उप शो का आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने लेटेस्ट और डिजाइनर ड्रेसेज को शोकेस किया। बता दें इस के लगने से फैशन लवर्स को एक ऐसा मौका मिला, जहां एक ही जगह कई तरह का समर कलेक्शन देखने को मिले। फेमस डिजाइनर्स के कलेक्शन को शोंकेस किया गया जो की दिल्ली और मुंबई से पहुंचे हुए थे। इस अवसर पर शहर के कई ब्लॉगर्स, इनफ्लुएंसर्स और कई फैशन डिजाइनर्स भी फैशन ट्रेंड्स का अपडेट लेने पहुंचे। -फोटोः विशाल ढल्ल

## राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में राष्ट्रिय विषयों पर होगा मंथनः तरुण चुग



लुधियाना / यूटर्न / 13 मई। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने कहा कि भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में देश भर से पहुंचे युवामोर्चा के कार्यकर्त्ता राष्ट्रिय विषयों व ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करेंगें। इस राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने किया है। तीन दिन तक पूरे देश से आए पदाधिकारी पार्टी की विचारधारा राष्ट्रीय विषयों पर एक गहन चिंतन करेंगे। यह राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में हो रहा है। तरुण चुग ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार सबका साथ, सबका विकास सबका प्रयास के माध्यम से देश में बड़े-बड़े परिवर्तन ला रही है। तरुण चुग ने कहा की प्रधानमंत्री की जनकल्याण की नीतियों के कारण देश भर के 80 करोड़ गरीबों के घर तक राशन पहुंचाया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश ने कोरोना वायरस जैसी भयकंर महामारी का मुकाबला जिस ढंग से किया है, उसकी प्रशंसा दुनिया भर मे हो रही है।

**नैतिक पतनः मांगी मदद और दिया धोखा**

## कार स्टार्ट करने को मांगी बैटरी लेकर फरार हो गया "जैंटिलमैन"

लुधियाना/यूटर्न/13 मई। महानगर के आत्म पार्क इलाके में अजीब किस्म की नौसरबाजी सामने आई। यहां स्थित एक मोटर गैरेज से अपनी फार्च्यूनर कार स्टार्ट करने के लिए मदद मांगने शख्स ने बैटरी मांगी और कार स्टार्ट होने के बाद वापिस करने की बजाए उसे लेकर फरार हो गया। यह मामला थाना माडल टाउन पहुंचा तो पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। आरोपी की पहचान शिमलापुरी के गुरविंदर सिंह के तौर पर हुई। शिकायतकर्ता बग्गा सिंह के मुताबिक आरोपी ने कहा था कि उसकी कार कई दिनों से खड़ी है। जो स्टार्ट नहीं हो रही। उसे स्टार्ट करने के लिए मैकेनिक और बैटरी चाहिए। जिसके चलते वह बैटरी लेकर दुकान के बाहर चला गया। जिसके चलते आरोपी बैटरी कार में रखकर फरार हो गया।




## चोरी व लूटपाट करने वाले तीन लोग गिरफ्तार

लुधियाना/यूटर्न/13 मई। पुलिस ने चोरी व लूटपाट करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से एक मोटरसाइकिल, स्कूटर तथा मोबाइल बरामद हुआ। उनके खिलाफ दो केस दर्ज करके शुक्रवार अदालत में पेश किया गया। जहां से रिमांड हासिल करके कड़ी पूछताछ की जा रही है। थाना साहनेवाल पुलिस ने लूटपाट करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। एएसआइ दीप चंद ने बताया कि उनकी पहचान न्यू शिमला पुरी के गुरु गोबिंद सिंह नगर की गली नंबर 15 निवासी मनप्रीत सिंह तथा गुरु गोबिंद सिंह नगर की गली नंबर 23 निवासी आकाश कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने लोहारा स्थित शिव मंदिर कालोनी निवासी सोनू प्रजापति की शिकायत पर उनके खिलाफ केस दर्ज किया। अपने बयान में उसने बताया कि 8 मई की रात 8.30 बजे वो महादेव नगर में अपनी रेहड़ी के पास खड़ा सब्जी बेच रहा था। उसी दौरान एक्टिवा स्कूटर नंबर पीबी 10 एचडी 9198 पर आए दो बदमाशों ने उसकी जेब से उसका मोबाइल व 3 हजार रुपये की नगदी निकाली और फरार हो गए। दीप चंद ने कहा कि उनके स्कूटर नंबर के आधार पर ही दोनों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से एक्टिवा व मोबाइल फोन बरामद हुआ। उधर, थाना डिवीजन नंबर 8 पुलिस ने चोरी का मोटरसाइकिल बेचने के लिए जा रहे एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी का बजाज सीटी100 मोटरसाइकिल बरामद किया गया। एएसआइ धर्मवीर सिंह ने बताया कि उसकी पहचान बिहार के सीतामढ़ी निवासी आर्यन के रूप में हुई।

# वीनस लेडीज क्लब की ओर से 'बालीवुड वेरी-वेरी जालीवुड' इवेंट का आयोजन








लुधियाना / 13 मई / यूटर्न। वीनस लेडीज क्लब की ओर से दुगरी के एक रेस्तरां में 'बालीवुड वेरी-वेरी जालीवुड' इवेंट का आयोजन किया गया। प्रेसिडेंट धीरा मेहरा, वाइस प्रेसिडेंट पवनीत पाहवा ने सभी क्लब सदस्यों का स्वागत किया। इस दौरान कोई मेंबर अभिनेत्री रेखा, कोई हेमा मालिनी तो कोई माधुरी दीक्षित की तरह ड्रेसअप हुआ दिखा। इन मेंबर्स ने अभिनेत्रियों की तरह परफार्मेंस भी दी। इस दौरान सभी मेंबर्स ने अपना बेस्ट दिया, ये परफार्मेंस एक प्रतियोगिता का हिस्सा रहीं। जज की भूमिका जसप्रीत ग्रोवेर ने निभाई। इस दौरान फन गेम्स भी खेली गई, जिसमें सरप्राइज गिफ्ट भी मिले। शुरुआत में तंबोला खेला गया। फन गेम्स में मेंबर्स को बालीवुड परिवारों के नाम देकर बांटा गया। प्रेसिडेंट धीरा मेहरा ने कहा कि क्लब समय-समय पर अपने मेंबर्स के लिए इस तरह की गतिविधियों का आयोजन करता है ताकि मस्ती व मनोरंजन दोनों हो सके। -फोटोः विशाल ढल्ल

स्वास्थ्य

## शुगर के मरीज गर्मियों में करें इन 5 ड्रिंक्स, 5 सब्जी और 5 फलों का सेवन

आज के इस लेख में हम आपको बताएंगे की डायबीटीज़ के मरीजों को गर्मियों में कौन से फलों, सब्जियों और पेय पदार्थों का सेवन करना चाहिए - डायबिटीज के मरीजों को खाने चाहिए ये फल

### जामुन

डायबिटीज़ के मरीजों के लिए बेस्ट फ्रूट माना जाता है। जामुन के सेवन से ब्लड में शुगर के लेवल को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। डॉक्टर्स के मुताबिक जामुन के बीजों का पाउडर बनाकर खाने से डायबिटीज के मरीजों को फायदा होता है।

### अमरूद



अमरूद ना सिर्फ खाने में स्वादिष्ट होता है बल्कि यह हमारी सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद है। इसमें विटामिस सी, विटामिन ए, फॉलेट, पोटैशियम जैसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं। अमरूद का ग्लाइकैमिक इंडेक्स लो होता है जो ब्लड शुगर को कंट्रोल में रखने में मददगार होता है। डॉक्टर्स के मुताबिक डायबिटीज के मरीज अमरुद का सेवन कर सकते हैं।

### सेब

यह तो हम सब जानते हैं कि सेब हमारी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। डॉक्टर्स हर किसी को सेब खाने की सलाह देते हैं। डायबिटीज के मरीजों के लिए भी सेब बेहद फायदेमंद होता है। सेब में सॉल्युबल और इनसॉल्युबल फाइबर होत जो ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रण में रखने में मददगार होता है।

### कीवी

डायबिटीज के मरीजों के लिए कीवी का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। इसमें विटामिन ए, विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स की भरपूर मात्रा होती है जो ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मददगार होते हैं। यह ब्लड शुगर या ग्लूकोज को एकदम से बढ़ने से रोकता है।

### संतरा

संतरा भी डायबिटीज के मरीजों के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। संतरा में भरपूर मात्रा में फाइबर, विटामिन सी, फोलेट और पोटेशियम होता है जो डायबिटीज में राहत दिलाने का काम करता है।

## आज का विचार

पहाड़
से गिर कर व्यक्ति
खड़ा हो सकता है
लेकिन
नज़रों से गिर कर नहीं
-ब्रूक-

## कार्टून-कोना, राज-नीति



साभार



साभार

# गरीबों के मसीहा डॉ. तपन कुमार लहरी विख्यात कारडियोलॉजिस्ट सेवक

### कौन है लहरी जिन्होंने योगी आदित्यनाथ से उनके घर पर जाकर मिलने से इनकार कर दिया?



डॉ लहरी को आज भी एक हाथ में बैग, दूसरे में काली छतरी लिए हुए पैदल घर या बीएचयू हास्पिटल की ओर जाते हुए देखा जा सकता है। लोगों का निःशुल्क इलाज करने वाले बीएचयू के जाने-माने कार्डियोथोरेसिक सर्जन पद्म श्री डॉ. टी.के. लहरी (डॉ तपन कुमार लहरी) ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके घर पर जाकर मिलने से इनकार कर दिया है। योगी को वाराणसी की जिन प्रमुख हस्तियों से मुलाकात करनी थी, उनमें एक नाम डॉ टीके लहरी का भी था। मुलाकात कराने के लिए अपने घर पहुंचने वाले अफसरों से डॉ लहरी ने कहा कि मुख्यमंत्री को मिलना है तो वह मेरे ओपीडी में मिलें। इसके बाद उनसे मुलाकात का सीएम का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। अब कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री चाहते तो डॉ लहरी से उनके ओपीडी में मिल सकते थे लेकिन वीवीआईपी की वजह से वहां मरीजों के लिए असुविधा पैदा हो सकती थी।

जानकार ऐसा भी बताते हैं कि यदि कहीं मुख्यमंत्री सचमुच मिलने के लिए ओपीडी में पहुंच गए होते तो डॉ लहरी उनसे भी मरीजों के क्रम में ही मिलते और मुख्यमंत्री को लाइन में लगकर इंतजार करना पड़ता। बताया जाता है कि इससे पहले डॉ लहरी तत्कालीन प्रधानमंत्री चंद्रशेखर को भी इसी तरह न मिलने का दो टूक जवाब देकर निरुत्तरित कर चुके हैं। सचमुच 'धरती के भगवान' जैसे डॉ लहरी वह चिकित्सक हैं, जो वर्ष 1994 से ही अपनी पूरी तनख्वाह गरीबों को दान करते रहे हैं। अब रिटायरमेंट के बाद उन्हें जो पेंशन मिलती है, उसमें से उतने ही रुपए लेते हैं, जिससे वह दोनो वक्त की रोटी खा सकें। बाकी राशि बीएचयू कोष में इसलिए छोड़ देते हैं कि उससे वहां के गरीबों का भला होता रहे। उन्हें किसी भी दिन शहर के अन्नपूर्णा होटल में पच्चीस रुपए की थाली का खाना खाते हुए देखा जा सकता है। इसके साथ ही वह आज भी बीएचयू में अपनी चिकित्सा सेवा निःशुल्क जारी रखे हुए हैं। डॉ लहरी को आज भी एक हाथ में बैग, दूसरे में काली छतरी लिए हुए पैदल घर या बीएचयू हास्पिटल की ओर जाते हुए देखा जा सकता है। वह इतने स्वाभिमानी और अपने पेशे के प्रति इतने समर्पित रहते है कि कभी उन्होंने बीएचयू के बीमार कुलपति को भी उनके घर जाकर देखने से मना कर दिया था। ऐसे ही डॉक्टर को भगवान का दर्जा दिया जाता है।

तमाम चिकित्सकों से मरीज़ों के लुटने के किस्से तो आए दिन सुनने को मिलते हैं लेकिन डॉ. लहरी देश के ऐसे डॉक्टर हैं, जो मरीजों का निःशुल्क इलाज करते हैं। अपनी इस सेवा के लिए डॉ. लहरी को भारत सरकार द्वारा वर्ष 2016 में चौथे सर्वश्रेष्ठ नागरिक पुरस्कार 'पद्म श्री' से सम्मानित किया जा चुका है। डॉ लहरी ने सन् 1974 में प्रोफेसर के रूप में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में अपना करियर शुरू किया था और आज भी वह बनारस में किसी देवदूत से कम नहीं हैं। बनारस में उन्हें लोग साक्षात भगवान की तरह जानते-मानते हैं। जिस ख्वाब को संजोकर मदन मोहन मालवीय ने बीएचयू की स्थापना की, उसको डॉ लहरी आज भी जिन्दा रखे हुए हैं। वर्ष 2003 में बीएचयू से रिटायरमेंट के बाद से भी उनका नाता वहां से नहीं टूटा है। आज, जबकि ज्यादातर डॉक्टर चमक-दमक, ऐशोआराम की जिंदगी जी रहे हैं, लंबी-लंबी मंहगी कारों से चलते हैं, मामूली कमीशन के लिए दवा कंपनियों और पैथालॉजी सेंटरों से सांठ-गांठ करते रहते हैं, वही मेडिकल कॉलेज में तीन दशक तक पढ़ा-लिखाकर सैकड़ों डॉक्टर तैयार करने वाले डॉ लहरी के पास खुद का चारपहिया वाहन नहीं है। उनमें जैसी योग्यता है, उनकी जितनी शोहरत और इज्जत है, चाहते तो वह भी आलीशान हास्पिटल खोलकर करोड़ों की कमाई कर सकते थे लेकिन वह नौकरी से रिटायर होने के बाद भी स्वयं को मात्र चिकित्सक के रूप में गरीब-असहाय मरीजों का सामान्य सेवक बनाए रखना चाहते हैं। वह आज भी अपने आवास से अस्पताल तक पैदल ही आते जाते हैं। उनकी बदौलत आज लाखों ग़रीब मरीजों का दिल धड़क रहा है, जो पैसे के अभाव में महंगा इलाज कराने में लाचार थे। गंभीर हृदय रोगों का शिकार होकर जब तमाम ग़रीब मौत के मुंह में समा रहे थे, तब डॉ. लहरी ने फरिश्ता बनकर उन्हें बचाया।

डॉ लहरी जितने अपने पेशे के साथ प्रतिबद्ध हैं, उतने ही अपने समय के पाबंद भी। आज उनकी उम्र लगभग 75 साल हो चुकी है लेकिन उन्हें देखकर बीएचयू के लोग अपनी घड़ी की सूइयां मिलाते हैं। वे हर रोज नियत समय पर बीएचयू आते हैं और जाते हैं। रिटायर्ड होने के बाद विश्वविद्यालय ने उन्हें इमेरिटस प्रोफेसर का दर्जा दिया था। वह वर्ष 2003 से 2011 तक वहाँ इमेरिटस प्रोफेसर रहे। इसके बाद भी उनकी कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए उनकी सेवा इमेरिटस प्रोफेसर के तौर पर अब तक ली जा रही है। जिस दौर में लाशों को भी वेंटीलेटर पर रखकर बिल भुनाने से कई डॉक्टर नहीं चूकते, उस दौर में इस देवतुल्य चिकित्सक की कहानी किसी भी व्यक्ति को श्रद्धानत कर सकती है। रिटायर्ड होने के बाद भी मरीजों के लिए दिलोजान से लगे रहने वाले डॉ. टीके लहरी को ओपन हार्ट सर्जरी में महारत हासिल है। वाराणसी के लोग उन्हें महापुरुष कहते हैं। अमेरिका से डॉक्टरी की पढ़ाई करने के बाद 1974 में वह बीएचयू में 250 रुपए महीने पर लेक्चरर नियुक्त हुए थे। गरीब मरीजों की सेवा के लिए उन्होंने शादी तक नहीं की।

सन् 1997 से ही उन्होंने वेतन लेना बंद कर दिया था। उस समय उनकी कुल सैलरी एक लाख रुपए से ऊपर थी। रिटायर होने के बाद जो पीएफ मिला, वह भी उन्होंने बीएचयू के लिए छोड़ दिया। डॉ. लहरी बताते हैं कि रिटायरमेंट के बाद उन्हें अमेरिका के कई बड़े हॉस्पिटल्स से ऑफर मिला, लेकिन वह अपने देश के मरीजों की ही जीवन भर सेवा करने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ हैं। वह प्रतिदिन सुबह छह बजे बीएचयू पहुंच जाते हैं और तीन घंटे ड्यूटी करने के बाद वापस घर लौट आते हैं। इसी तरह हर शाम अपनी ड्यूटी बजाते हैं। इसके बदले वह बीएचयू से आवास के अलावा और कोई सुविधा नहीं लेते हैं

# हाथों को बनाना है खूबसूरत तो नेल पेंट लगाते समय इन बातों का रखें ध्यान


नेल पॉलिश हाथों की खूबसूरती बढ़ाता है, लेकिन नेल पेंट यदि सही तरीके से न लगाया जाए तो यह हाथों की खूबसूरती बढ़ाने की बजाय बिगाड़ सकता है। नाखूनों की सुंदरता बढ़ाने के लिए नेल पॉलिश को सही तरीके से लगाना और नाखूनों की सही देखभाल भी ज़रूरी है। ब्यूटी एक्सपर्ट्स के अनुसार, नेल पेंट आपके हाथों की खूबसूरती बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है, लेकिन इसे सही तरीके से अप्लाई करना ज़रूरी है, तभी यह परफेक्ट दिखता है।

### हाथों का रखें ख्याल

यदि आपके हाथ रूखे होंगे तो कितनी भी अच्छी नेल पॉलिश क्यों न लगा लें, उसकी खूबसूरती उभरकर नहीं आएगी। इसलिए समय-समय पर मेनिक्योर कराती रहें, इससे हाथ और नाखून दोनों साफ और सुंदर रहते हैं और नेल पेंट का रंग उभरकर दिखता है।

### नाखून को शेप

ब्यूटी एक्सपर्ट्स के अनुसार, नेल पॉलिश लगाने से पहले नाखून काटने के साथ ही उसे सही शेप देना भी जरूरी है। साथ ही नाखून को



सुखाना भी जरूरी है, क्योंकि गीले नाखून पर नेल पेंट लगाने से कोट अच्छी तरह नहीं चढ़ता है और वह जल्दी छूट जाता है।

### बेस कोट

यदि आप चाहती हैं नेल पेंट का रंग सही तरह से चढ़े, तो पहले ट्रांस्पेरेंट बेस कोट लगाना जरूरी है। नेल पेंट को ब्रश से पहले नाखून के बीच से लगाना शुरू करें और फिर पूरे नाखून पर लगाकर अच्छी तरह सुखा लें।

### पहला कोट लगाएं

ब्यूटी एक्सपर्ट्स के अनुसार, जब ट्रांस्पेरेंट बेस कोट सूख जाए, तब अपनी पसंद की कोई भी नेलपॉलिश लगाएं। पहला कोट लगाने के बाद जब वह अच्छी तरह सूख जाए, तो आप चाहे तो दूसरा कोट लगा सकती हैं। इसे अच्छी तरह सेट करने के लिए आप बर्फ के पानी में उंगलियां डुबोकर रखें। इससे नेल पॉलिश में चमक आ जाएगी।

### किनारों को साफ कर लें

यदि नेल पॉलिश लगाते समय किनारों में फैल गई है, तो उसे रिमूवर से साफ कर लें।

इन बातों का भी रखें ध्यान

- आप नेल पेंट को जल्दी सुखाना चाहती हैं, लेकिन इसके लिए पंखा चालू करके नेल पॉलिश न लगाएं, वरना नेल पेंट सूख जाएगा।
- यदि पहला कोट ठीक से नहीं लगा है, तो दूसरा कोट अप्लाई करे वह स्मूद दिखने लगेगा।
- नेल पॉलिश रिमूव करने के बाद कुछ दिनों तक नाखूनों को ऐसे ही रहने दें और नेल क्रीम लगाएं, इससे नाखूनों की चमक बढ़ेगी।
- पैर की उंगलियों में नेल पॉलिश लगाते समय दो उंगलियों के बीच में कॉटन लगा ले, इससे नेल पेंट फैलेगा नहीं।
- नेल पॉलिश लगाने से पहले बोतल को अच्छी तरह शेक कर लें।

# धवन ने 11 मुकाबलों में 42 की औसत से 381 रन बनाए, टी-20 वर्ल्ड कप में कर सकते हैं वापसी

मुंबई / यूटर्नः एक वक्त पर शिखर धवन को टीम इंडिया के सबसे बड़े मैच विनर्स की कैटेगरी में रखा जाता था। हिटमैन रोहित के साथ गब्बर की जोड़ी खूब जमती थी। फिर धीरे - धीरे शिखर टीम इंडिया से साइडलाइन होते चले गए। पहले रेड बॉल क्रिकेट से विदाई के बाद गब्बर को टी-20 वर्ल्ड कप टीम में भी शामिल नहीं किया गया। कई लोगों को लगने लगा कि शायद अब 36 वर्षीय शिखर के लिए टीम इंडिया में वापसी संभव नहीं होगी। इस बीच शिखर धवन को मेगा ऑक्शन से पहले दिल्ली कैपिटल्स ने भी रिटेन करना जरूरी नहीं समझा। तमाम मुश्किल हालात के बीच पंजाब किंग्स के साथ नई शुरुआत करते हुए शिखर धवन इस सीजन अब तक खेले 11 मुकाबलों में 381 रन बना चुके हैं। इस दौरान उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 88 रन रहा है। आईसीसी टूर्नामेंट में खासकर धवन का बल्ला शिखर पर होता है। पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप में टीम को ओपनिंग के दौरान शिखर की काफी कमी महसूस हुई थी। शिखर धवन को टीम इंडिया के सबसे शांत खिलाड़ियों में गिना जाता है। कभी नहीं देखा गया है कि मुकाबले के दौरान वह विरोधी खिलाड़ियों से भिड़ जाएं। हालांकि, बचपन में वे ऐसे बिल्कुल नहीं थे। बचपन में जब शिखर शरारत करते थे तो मां उन्हें कमरे में बंद कर देतीं। शिखर कपड़े की रस्सी बनाकर खिड़की के रास्ते बाहर निकल जाते थे। बाएं हाथ के बल्लेबाज ईशान किशन का प्रदर्शन इस आईपीएल सीजन में उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा है। बाउंसर खेलने के दौरान ईशान खासे असहज नजर आए हैं। ऐसे में ऑस्ट्रेलियाई बाउंसी विकेट पर वह मुश्किलों का सामना कर सकते हैं। इसे देखते



हुए चयनकर्ता ईशान के ऊपर गब्बर को प्राथमिकता दे सकते हैं।

**आईपीएल में हर बार धवन ने किया है दमदार प्रदर्शन**

शिखर धवन उन खिलाड़ियों में रहे हैं, जिन्होंने कभी अपनी सफलता का शोर नहीं मचाया। उनके आंकड़ों पर नजर डाली जाए, तो एहसास होता है कि गब्बर ने आईपीएल में खामोशी के साथ साल दर साल अपनी परफॉर्मेंस में सुधार किया है। साल 2016 से लेकर 2021 तक हर सीजन में शिखर ने लगभग 500 रन बनाए हैं। इस मामले में वह टीम इंडिया के मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा से कहीं आगे हैं। शिखर को जब लास्ट टाइम टी-20 वर्ल्ड कप टीम में नहीं चुना गया, तो वह साधारण दर्शक की तरह भारत - पाकिस्तान का मुकाबला देखने के लिए पहुंच गए।

**धोनी के साथ ओपनिंग कर चुके हैं धवन**

शिखर ने विकेटकीपर बैटर के तौर पर खेलना शुरू किया। दमदार प्रदर्शन के बूते पर अंडर-19 वर्ल्ड कप में 505 रन बनाने के बाद गब्बर ने रणजी ट्राफी खेली। इसके बाद उन्हें चैलेंजर टीम में चुन लिया गया। इस दौरान शिखर धवन और महेंद्र सिंह धोनी ने साथ मिलकर ओपनिंग की। सीरीज के दूसरे मैच में शिखर और धोनी ने मिलकर 246 रन जोड़े। दोनों ही बल्लेबाजों ने शानदार शतक लगाया था। इस प्रदर्शन के बूते पर शिखर ने इंडिया ए टीम में जगह बनाई। शिखर मानते हैं कि सपने को कोई जादू सच्चाई में तब्दील नहीं कर सकता। इसके लिए संघर्ष जरूरी है।

**धवन अपने लिए कभी कोई टारगेट तय नहीं करते**

टी-20 विश्व कप को लेकर अपने प्लान के बारे में बात करते हुए धवन ने कहा, 'टी-20 विश्व कप आ रहा है। मुझे पता है कि अगर IPL में मैं अच्छा करता हूं तो मैं टीम में जगह बना सकता हूं। मैं पूरी तरह से प्रोसेस में यकीन करने वाला व्यक्ति हूं। मैं टारगेट तय नहीं तय करता। जब तक मैं अपने खेल का मजा ले रहा हूं, यह मेरे लिए सबसे बेहतर तरीके से काम करता है। मैं इसी स्थिति में हूं। 'इसलिए मैं यह तय करना चाहता हूं कि मेरी तैयारी मजबूत हो और मैं वो सब कुछ अपने आप हासिल कर लूंगा, जो मैं चाहता हूं। शायद मैं कर पाऊं या न कर पाऊं। यह समय बताएगा, लेकिन मैं इन चीजों को अपने ऊपर हावी नहीं होने दूंगा।

## पकड़ा गया माही विज को टक्कर मारने वाला शख्स

टीवी एक्ट्रेस माही विज की कार को टक्कर मारने और फिर उन्हें बीच सड़क पर रेप के धमकी देने वाले शख्स को मुंबई पुलिस ने पकड़ लिया है। हालांकि, अभी तक उसकी गिरफ्तारी दिखाई नहीं गई है। फिलहाल वर्ली पुलिस स्टेशन में आरोपी से पूछताछ जारी है। पुलिस को आरोपी की कार का नंबर एक्ट्रेस की ओर से ही बताया गया है। सूत्रों की माने तो आरोपी कार के साथ गायब हो गया था और देर रात उसे पकड़ा गया है। आरोपी के पकड़े जाने की जानकारी मिलने के बाद एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर मुंबई पुलिस को धन्यवाद कहा है। इससे पहले 7 मई को टीवी एक्ट्रेस माही विज ने घटना का वीडियो अपने ट्विटर अकाउंट पर शेयर करते हुए लिखा था कि इस व्यक्ति ने उनकी कार को टक्कर मारी और फिर उन्हें गालियां भी दीं। माही ने आगे बताया कि उस आदमी ने उन्हें रेप की धमकी भी दी। माही की बेटी तारा भी घटना के वक्त कार में थी। जो वीडियो माही ने शेयर किया है, उसमें व्यक्ति की कार की नंबर प्लेट दिखाई दे रही है। एक्ट्रेस ने मुंबई पुलिस से मदद भी मांगी थी। माही ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, ₹इस व्यक्ति ने मेरी कार को टक्कर मारी और फिर मुझे गाली भी देने लगा। बाद में मुझे रेप की धमकी भी दी, उसकी वाइफ ने गुस्से में कहा कि छोड़ दे इसको।





## मोनालिसा ने पार की बोल्डनेस की हदें

भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा सुर्खियों में आने का कोई मौका नहीं छोड़ती हैं। वे अपने बोल्ड लुक्स के कारण अक्सर सुर्खियाँ बटोरती हैं। मोनालिसा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और आए दिन अपनी बोल्ड और हॉट तस्वीरों से अपने फैंस का दिल धड़काती रहती हैं। हाल ही में मोनालिसा ने अपनी बेहद हॉट फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों के देखकर मोनालिसा के फैंस खुद को उनकी तारीफ करने से नहीं रोक पा रहे हैं। मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि मोनालिसा व्हाइट ब्रालेट और मैचिंग कलर के शॉर्ट्स पहने हुए बहुत हॉट लग रही हैं। उन्होंने स्मोकी आई मेकअप किया है और बालों को पोनी टेल में बांधा हुआ है। मोनालिसा ने अपने लुक को थाई हाई बूट्स के साथ पूरा किया है। उनका यह कातिलाना लुक देखकर फैंस मदहोश हो रहे हैं। सोशल मीडिया यूजर्स को मोनालिसा का हॉट लुक बहुत पसंद आ रहा है। मोनालिसा के फैंस उनकी इन तस्वीरों पर जमकर लाइक और कमेंट कर रहे हैं। इसके अलावा यूजर्स ने मोनालिसा इन तस्वीरों पर फायर और हार्ड वाली इमोजी की झड़ी लगा दी है। कुछ फैंस उन्हें हॉट तो कुछ उन्हें गॉर्जियस बता रहे हैं। आपकों बता दें कि मोनालिसा का असली नाम अंतरा बिस्वास हैं। वह एक भारतीय अभिनेत्री हैं। उन्होंने ज्यादातर भोजपुरी भाषा की फिल्में की हैं, और हिंदी, बंगाली, ओडिया, तमिल, कन्नड़ और तेलुगु भाषा की फिल्मों में भी दिखाई दी हैं। सोशल मीडिया पर मोनालिसा की फैन फॉलोविंग काफी तगड़ी है। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस के साथ फोटोज़ और वीडियोज़ शेयर करती रहती हैं। उन्होंने साल 2016 में कलर टीवी के रियलिटी शो बिग बॉस 10 में हिस्सा लिया था। इसके बाद वह 2017 में अपने पति विक्रांत के साथ नच बलिये के आठवें सीजन में नजर आई। स्टार प्लस के शो नजर में मुख्य भूमिका निभाकर उन्हें घर घर पहचान मिली।



## अतरंगी फैशन की वजह से वायरल हुई उर्फी

बिग बॉस ओटीटी की कंटेस्टंट रही अभिनेत्री उर्फी जावेद अपने फैशन की वजह से हमेशा ही सुर्खियां बटोरती रहती हैं। उर्फी के अलावा टेलीविज़न की कोई और अभिनेत्री अपने स्टाइल के साथ इतना एक्सपेरिमेंट करती नजर नहीं आती। यही कारण है कि उर्फी सोशल मीडिया पर इतना ट्रेंड होती है। अभिनेत्री छोटे पर्दे से ज्यादा सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और अपने अतरंगी फैशन की तस्वीरें, वीडियो फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। इन दिनों अभिनेत्री की एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। वीडियो देखकर लोग उर्फी को उनके फैशन सेंस के लिए बुरी तरह से ट्रोल कर रहे हैं। बीते दिन उर्फी जावेद मुंबई के एक रेस्टोरेंट के बाहर स्पॉट हुई।

यूटर्न टाईम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA
शुक्रवार 13 मई 2022


खुद बोलती तस्वीर


आर्टिस्ट पैडर मॉर्क मॉन्सटेड की 'किचन-गार्डन' पेंटिंग (डैनिश,1859-1941)...

# जम्मू-कश्मीर में दो टारगेट किलिंग: एसपीओ को घर में घुसकर गोली मारी

## कश्मीरी पंडितों ने शव के साथ सड़क पर विरोध जताया, बोले- सरकारी दावे फेल

श्रीनगर / यूटर्न: जम्मू-कश्मीर में 90 के दशक में हुई टारगेट किलिंग का दौर फिर लौट आया है। आतंकवादी जवानों के साथ कश्मीरी पंडितों को निशाना बना रहे हैं। शुक्रवार सुबह पुलवामा में आतंकियों ने SPO को घर में घुसकर गोली मार दी। अस्पताल में उनकी मौत हो गई। कश्मीर में 24 घंटों के अंदर हत्या की यह दूसरी घटना है। इसके बाद घाटी में तनाव की स्थिति पैदा हो गई है और जगह-जगह प्रदर्शन हो रहे हैं। बडगाम में गुरुवार शाम आतंकियों ने चडूरा तहसीलदार ऑफिस के क्लर्क राहुल भट्ट को ऑफिस में घुसकर गोली मार दी। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी मौत हो गई। आज शुक्रवार को पुलवामा के गुदूरा में आतंकियों ने SPO रियाज अहमद थोकर के घर में घुस गए और उन पर फायरिंग कर दी। अस्पताल में उनकी मौत हो गई। राहुल भट्ट का शुक्रवार सुबह बनतालाब में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान जम्मू के ADGP मुकेश सिंह, डिविजनल कमिश्नर रमेश कुमार, डिप्टी कमिश्नर अवनी लवासा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। वहीं, मौके पर पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र रैना का लोगों ने विरोध किया। इससे पहले गुरुवार रात को जगह-जगह प्रदर्शन किए गए। कश्मीरी पंडितों ने शव के साथ सड़क पर विरोध जताया और उप राज्यपाल के आने तक शव उठाने से इनकार कर दिया। बाद में DIG सुजीत कुमार के आश्वासन पर शव को घर ले जाया गया। वहीं, बडगाम में शेखपोरा पंडित कॉलोनी के पास कश्मीरी पंडितों ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि जब तक उन्हें सुरक्षा का पूरा आश्वासन नहीं मिलता, वो लोग नौकरियों पर नहीं जाएंगे। उधर, कैंप में रह रहे कश्मीरी पंडितों ने हाइवे पर जाम लगाकर केन्द्र और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।



### आतंकियों ने पहले पूछा राहुल कौन है फिर मारी गोली

राहुल भट्ट की पत्नी मीनाक्षी ने बताया कि आतंकियों ने ऑफिस में जाकर पूछा राहुल भट्ट कौन है और गोलियां चला दीं। कोई कर्मचारी ही आतंकियों से मिला था, तभी राहुल का नाम आतंकियों को पता था। उन्होंने बताया कि राहुल लगातार ट्रांसफर की मांग कर रहे थे, लेकिन किसी ने उनकी नहीं सुनी। मीनाक्षी ने सेना से कहा है कि उनके पति के हत्यारों को दो दिन में मार गिराया जाए।

## केदारनाथ धाम में प्रशासन का सेफ्टी अलर्ट

# आम लोगों की तरह ही दर्शन करेंगे सभी माननीय



देहरादून / यूटर्न: उत्तराखंड के केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। जिसे देखते हुए प्रशासन ने शुक्रवार को VIP एंट्री पर रोक लगा दी है। DGP ने शुक्रवार को बताया कि अब सभी VIP भी आम लोगों की तरह ही दर्शन करना होगा। इसके लिए केवल दो घंटे का समय दिया जाएगा। इसके पहले सही इंतजाम नहीं होने की वजह से 28 लोगों की मौत भी हो चुकी है। वहीं उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी ने लोगों से अपील की है कि जिन लोगों को स्वास्थ्य संबंधी कोई परेशानी है, वे कुछ दिन बाद यात्रा करें। कोरोना के चलते बंद रही चारधाम यात्रा करीब दो साल बाद शुरू हुई है। दर्शन करने के लिए श्रद्धालु भारी मात्रा में पहुंच रहे हैं। पिछले 6 दिनों में करीब 1 लाख 30 हजार लोगों ने दर्शन किए हैं। इसी वजह से प्रशासन ने VIP एंट्री पर रोक लगा दी है। इसके पहले प्रशासन की और से सही इंतजाम नहीं होने की वजह से कई लोगों की मौत भी हो चुकी है। रुद्रप्रयाग से 11 बीमार लोगों को एयरलिफ्ट करके दूसरी जगहों पर भेजा गया।

## अनिल देशमुख को निजी अस्पताल जाने कीनहीं मिला अनुमति: कोर्ट

मुंबई / यूटर्न: मुंबई की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख को एक निजी अस्पताल में कंधे की सर्जरी करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया और कहा कि वह शहर के सरकारी जेजे अस्पताल में इलाज करवा सकते हैं। देशमुख ने कंधे की हड्डी उखड़ने की सर्जरी और इलाज के लिए अस्थायी रूप से अपनी पसंद के निजी अस्पताल में स्थानांतरित होने की अनुमति मांगी थी। राकांपा नेता ने कहा था कि वह अपना खर्च खुद उठाएंगे। हालांकि, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने याचिका का विरोध किया और कहा कि जे जे अस्पताल में सर्जरी करने के लिए योग्य डॉक्टर मौजूद हैं। अदालत ने देशमुख के आवेदन को खारिज कर दिया और कहा कि वह जे जे अस्पताल में सर्जरी और इलाज करवा सकते हैं। ईडी द्वारा पिछले साल नवंबर में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तारी के बाद से देशमुख न्यायिक हिरासत में है।



# अल्पसंख्यक डर और असुरक्षा के भाव में जीने को मजबूर: सोनिया गांधी

जयपुर / यूटर्न: कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र की भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि मोदी और उनके सहयोगियों ने पोलराइजेशन को सरकार में स्थायी बना लिया है। लोग डर और असुरक्षा के भाव में जी रहे हैं। अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है, जो हमारे समाज का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने उदयपुर में कांग्रेस के नव संकल्प चिंतन के उद्घाटन अवसर पर कहा कि मोदी और उनकी सरकार कहती है कि मैक्जिमम गवर्नेंस और मिनिमम गवर्नमेंट। हकीकत यह है कि विभाजन को स्थायी बना दिया गया है। हमारे समाज के बहुलवाद को निशाना बनाया जा रहा है। राजनीतिक विरोधियों को डराया-धमकाया जा रहा है। जेल में डाला जा रहा है। जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। लोकतंत्र के सभी स्तंभों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जवाहरलाल नेहरू जैसे हमारे नेताओं के योगदान, उपलब्धियों और त्याग को नकारा जा रहा है। वहीं, महात्मा गांधी के हत्यारों और उनकी विचारधारा को महिमामंडित किया जा रहा है। सोनिया ने यह भी कहा कि संगठन में ढांचागत बदलावों की आवश्यकता है। अभूतपूर्व परिस्थितियों का सामना अभूतपूर्व कदम उठाकर करना होता है। हम यह ही करने जा रहे हैं। इस बैठक के बाद बाहर एक ही संदेश जाना चाहिए कि संगठन की मजबूती, दृढ़ निश्चय और एकता का संदेश।



# ज्ञानवापी का सर्वे: सच सामने लाने को कल से शुरू होगी कार्यवाही, डीएम ने की बैठक

वाराणसी / यूटर्न: वाराणसी के ज्ञानवापी का सच सामने लाने के लिए अदालत के आदेश पर शनिवार सुबह आठ बजे से कमीशन की कार्यवाही शुरू होगी। यह जानकारी जिलाधिकारी कौशलराज शर्मा दी। उन्होंने एसीपी चेतगंज कार्यालय में धर्म गुरुओं और दोनों पक्ष के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि कल से सर्वे कमीशन की कार्यवाही एडवोकेट कमिश्नर के द्वारा की जाएगी।

इसको लेकर सभी पक्ष के लोगों के साथ बैठक हुई है और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई है। डीएम के मुताबिक, दोनों पक्षों ने कानून-व्यवस्था को दुरुस्त रखने में सहयोग की बात कही है। सर्वे की कार्यवाही सुबह आठ बजे से 12 बजे तक होगी। इधर, शुक्रवार दोपहर बाद काफी संख्या में नमाजी ज्ञानवापी परिसर में जुमे की नमाज के लिए पहुंचे हैं। बीते शुक्रवार को भी रिकॉर्ड संख्या में नमाजी ज्ञानवापी मस्जिद पहुंचे थे। आज विश्वनाथ धाम के गेट नंबर चार पर फिर काफी भीड़ जमा हुई।



इसको देखते हुए वाराणसी प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को काफी चाक-चौबंद कर दिया है। शहर के अलग-अलग मस्जिदों में भी नमाज अदा की जा रही है। अदालत के आदेश के बाद बाद अधिवक्ता आयुक्त ने कमीशन की कार्यवाही को 17 मई से पहले पूरा करने का दावा किया है। ऐसे में चार से पांच दिन की कमीशन की कार्यवाही में ज्ञानवापी परिसर की वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी के जरिए रिपोर्ट तैयार होगी। ज्ञानवापी परिसर के सर्वे के मामले में अदालत ने गुरुवार को अपना फैसला सुनाया था। परिसर के तहखाने तक वीडियोग्राफी व सर्वेकराने संबंधी आवेदन को अदालत ने स्वीकार कर लिया है। पुलिस आयुक्त व जिलाधिकारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय करते हुए अदालत ने आदेश दिया है कि कि ताला खोलकर या तोड़कर जैसे भी हो, पूरे परिसर के सर्वे की कार्यवाही पूरी करवाएं।

# नॉर्थ कोरिया में कोरोना से मौत होने पर देश में लगा सख्त लॉकडाउन

प्योंगयांग। नॉर्थ कोरिया में कोरोना का पहला केस मिलने के बाद शुक्रवार को एक मरीज की मौत हो गई। वहीं, 5 ऐसे लोगों की भी जान गई है जिनमें कोरोना की पुष्टि नहीं हुई थी। सरकारी मीडिया के मुताबिक फिलहाल देश में 1,87,000 लोगों को बुखार के लक्षण आ रहे हैं, जिस कारण उन्हें आइसोलेट कर दिया गया है। बता दें कि नॉर्थ कोरिया में 8 मई को कोरोना का पहला मामला सामने आया था। गुरुवार को इसकी पुष्टि की गई और इसके साथ ही पूरे देश में लॉकडाउन लगा दिया गया। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन के मुताबिक, नॉर्थ कोरिया ने 2020 के आखिर तक 13,259 लोगों के सैंपल्स की जांच की थी। इनमें सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई। देश की KCNA न्यूज एजेंसी के अनुसार, राजधानी प्योंगयांग में अप्रैल के आखिर में अचानक से लोग बुखार की चपेट में आने लगे। ये बुखार फैलते-फैलते प्योंगयांग के बाहर जा पहुंचा। अब तक कुल 3,50,000 लोगों में इस बुखार के लक्षण देखे गए हैं। हालांकि, इनमें से कितने लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं, एजेंसी ने इस बात का खुलासा नहीं किया है। BBC की रिपोर्ट के मुताबिक, नॉर्थ कोरिया इस वक्त कोरोना विस्फोट की स्थिति में हो सकता है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि देश में रहने वाले 2.5 करोड़ लोग खतरे में हैं, क्योंकि यहां न तो किसी को वैक्सीन लगेगी, न ही अच्छी स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी।



Owner, Publisher, Printer: Komal Sharma, Printed by: BBF Industries Limited, VPO Bhamiia Kalan, Tajpur Road, Ludhiana PB-141011, Published by : House No. 68, New Sarabha Nagar, VPO, Dad. Ludhiana PB-142022, Chief Editor: Sandeep Sharma